## सैनिक कल्याण कार्यालय, चम्बा की "भूतपूर्व सैनिकों के पुर्नवास एंव पुर्ननिर्माण निधि" का अंकेक्षण एंव निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 04/2009 से 03/2013

### भाग–एक

1 गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

संख्या द्वारा अवधि 3/09 तक के गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों को वर्तमान अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत नही किया गया जिसके परिणामस्वरूप गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों को वर्तमान अंकेक्षण में सम्मिलित नही किया जा सका। अतः गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों को उचित स्त्रोत में प्राप्त करके तथा उनमें सम्मिलित अनिर्णीत पैरों पर उचित कार्रवाई करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

### भाग–दो

2 वर्तमान अंकेक्षणः–

सैनिक कल्याण कार्यालय चम्बा की "भूतपूर्व सैनिकों के पुर्नवास एंव पुर्ननिर्माण निधि" (अवधि 4/2009 से 03/2013) का वर्तमान अंकेक्षण, श्री संदीप कमल, अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनाँक 13–11–2013 से 14–11–2013 के दौरान उप–निदेशक कार्यालय परिसर चम्बा में किया गया। आय व व्यय की विस्तृत जाँच हेतु माह का चयन इस प्रकार किया गया।

| वित्तीय वर्ष | 2009–10 | 2010–11 | 2011–12 | 2012–13 |
|---|---|---|---|---|
| आय | 11/2009 | 11/2010 | 12/2011 | 01/2013 |
| व्यय | 04/2009 | 04/2010 | 05/2011 | – |

यह अंकेक्षण प्रतिवेदन संस्थान के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध कर्रवाई गई सूचनाओं एंव अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। स्थानीय लेखा विभाग उक्त संस्थान द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी प्रकार की गलत सूचना अथवा सूचना जो उपलब्ध नही करवाई गई है, के लिए जिम्मेवार नही होगा।

3 <u>अंकेक्षण शुल्कः–</u>

सैनिक कल्याण कार्यालय चम्बा की "भूतपूर्ण सैनिको के पुर्नवास एंव पुर्ननिर्माण निधि" (अवधि 4/09 से 3/13) के अंकेक्षण हेतु का अंकेक्षण शुल्क ₹1200 आंका गया। संस्थान द्वारा अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि का बैंक ड्राफ्ट संख्या 562406 दिनाँक 06–12–13 भारतीय स्टेट बैंक की चम्बा शाखा से बनाकर निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हि0प्र0 शिमला–9 को प्रेषित कर दिया गया।

4 <u>वित्तीय स्थितिः–</u>

संस्थान द्वारा अंकेक्षणाधीन अवधि की "भूतपूर्व सैनिकों के पुर्नवास एंव पुर्ननिर्माण निधि" की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से प्रस्तुत की है जिसका विस्तृत ब्यौरा परिशिष्ट "क" पर भी दिया गया है।

| वित्तीय वर्ष | आरम्भिक शेष | आय | ब्याज | जोड | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **2009–10** | 151099.40 | 121440 | 2790 | 275329.40 | 125797 | 149532.40 |
| **2010–11** | 149532.40 | 7610 | 4501 | 161643.40 | 39232 | 122411.40 |
| **2011–12** | 122411.40 | – | 4516 | 126927.40 | 9630 | 117297.40 |
| **2012–13** | 117297.40 | – | 4752 | 122049.40 | – | 122049.40 |

बचत खाता संख्या 11149814125 भारतीय स्टेट बैंक, चम्बा में दिनाँक 31–3–2013 को जमा राशि = ₹122049.40

5 <u>सावधि जमा में निवेश न करनाः–</u>

संस्थान द्वारा इस निधि से सावधि जमा योजना में कोई निवेश नही किया अपितु सम्पूर्ण राशि बचत खातें में ही रखी गई है। अतः इस सन्दर्भ में आन्तरिक जाँच करके तथा संस्था की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वचत खाते में रखी गई राशि का एक समुचित भाग संस्था के द्वारा सावधि जमा योजना में निवेशित किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि संस्था को अधिक व्याज की प्रप्ति हो सके।

6 <u>वर्ष 2011–12 तथा 2012–13 में भूतपूर्व सैनिको के पुर्नवास एंव पुर्ननिर्माण कार्य हेतु कोई कार्य न करने बारेः–</u>

अंकेक्षण के दौरान पाया कि वर्ष 2011–12 में इस निधि में कोई भी राशि प्राप्त नही की गई थी तथा इस वर्ष में मात्र ₹9630 ही व्यय की गई जबकि वर्ष 2012–13 में

इस निधि में न तो कोई राशि प्राप्त की गई और न ही व्यय की गई जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस निधि से सम्बन्धित विभाग के मुख्य उदेश्य की पूर्ति नही हो रही है। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

7 **लघु आपत्ति विवरणिकाः–** यह अलग से जारी नही की गई अपितु लघु आपत्तियों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया।

8 **निष्कर्षः–** लेखों मे सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता / –
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

पृष्ठांकन संख्याः फिन(एल)एच(2)सी(15)(xiv)74 / 83 दिनांक, 5.4.2014 शिमला–171009.

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :–

**पंजीकृत**

1 उप निदेशक सैनिक कल्याण कार्यलय चम्बा जिला चम्बा हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर एक माह के भीतर इस विभाग को प्रस्तुत करे।
2 निदेशक, राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय हमीरपुर (हि0प्र0)
3 उप सचिव (सामान्य प्रशासन विभाग) हिमाचल प्रदेश सरकार शिमला–2
4 श्री संदीप कमल अनुभाग अधिकारी द्वारा.........

हस्ता / –
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.